Australian Government
Australian Digital Health Agency
My Health Record

# सहायताप्राप्त रजिस्ट्रेशन – अत्यावश्यक जानकारी

हेल्थकेयर (स्वास्थ्य-देखरेख) प्रदाता संस्था My Health Record के लिए रजिस्टर करने में आपकी सहायता कर सकती है और यह ज़रूरी है कि ऐसा करते हुए वह संस्था कुछ निश्चित नियमों का अनुसरण करे। इसे सहायताप्राप्त रजिस्ट्रेशन कहते हैं। आपकी सहायता करने वाला व्यक्ति My Health Record सिस्टम ऑपरेटर (Department of Health के सचिव) के एजेंट या इनकी ओर से काम नहीं कर रहा होता है।

इससे पहले कि आप सहायताप्राप्त रजिस्ट्रेशन आवेदन प्रपत्र पूरा करें, कृपया नीचे दी गई जानकारी को पढ़ लें ताकि आप यह पता लगा सकें कि आप अपने My Health Record का प्रबंधन कैसे कर सकते/सकती हैं और साथ ही **Privacy Collection Notice (गुप्तता संकलन नोटिस)** भी पढ़ लें ताकि आपको यह पता चल सके कि हम (My Health Record सिस्टम ऑपरेटर) सहायताप्राप्त रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में हमारे द्वारा एकत्रित की गई आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रयोग कैसे करते हैं।

## अपने My Health Record का प्रबंधन करना

आपके द्वारा सहायताप्राप्त रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर लेने और My Health Record के लिए रजिस्टर कर लेने के बाद, आप यह फैसला करने में सक्षम होंगे/होंगी कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच (ऐक्सेस) कौन प्राप्त कर सकता है।

दुर्लभ परिस्थितियों में, हो सकता है कि आपके स्वास्थ्य से सम्बन्धित कोई ऐसी जानकारी हो जिसे आप अपने My Health Record पर उपलब्ध न कराना चाहें। यदि ऐसा है, तो आप:

- अपने हेल्थकेयर प्रदाता से इसे आपके रिकॉर्ड में शामिल न करने का अनुरोध कर सकते/सकती हैं, और आपके हेल्थकेयर प्रदाता के लिए आपके इस अनुरोध का अनुपालन करना ज़रूरी होगा; या
- अपने रिकॉर्ड से विशिष्ट स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी हटा सकते/सकती हैं।

यदि आप अपने My Health Record या इसमें शामिल किसी दस्तावेज़ तक पहुँच को सीमित करते/करती हैं, तो आपातिक स्थिति में पहुँच प्राप्त करने से सम्बन्धित नियम रजिस्टर्ड हेल्थकेयर प्रदाता संस्थाओं को चिकित्सीय आपातिक स्थिति में सीमित समय के लिए पहुँच प्राप्त करने की अनुमति देते हैं।

यदि आप चाहें तो ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट करके आप यह नियंत्रण कर सकते/सकती हैं कि आपके My Health Record तक किसे पहुँच प्राप्त है। आप निम्नलिखित माध्यम से अपने My Health Record के लिए ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट कर सकते/सकती हैं:

- पूरे My Health Record तक पहुँच को सीमित करके; या
- My Health Record में किसी विशिष्ट दस्तावेज़ तक पहुँच को सीमित करके।

यदि आप **ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट नहीं करते/करती हैं**, तो आपका इलाज करने वाले और My Health Record सिस्टम के साथ रजिस्टर्ड हेल्थकेयर प्रदाता आपके दूसरे स्वास्थ्यदेखरेख प्रदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ देख पाने में सक्षम होंगे।

आप अपने My Health Record का प्रबंधन कैसे कर सकते/सकती हैं, इस सम्बन्धी और अधिक जानकारी के लिए कृपया My Health Record वेबसाइट देखें।

## Privacy Collection Notice (गुप्तता संकलन नोटिस)

1. यदि कोई हेल्थकेयर प्रदाता My Health Record के लिए आपको व आपके डिपेन्डेन्ट्स [आप पर आश्रित व्यक्तियों] (यदि उचित हो तो) को रजिस्टर करने में आपकी सहायता कर रहा है, तो हम निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए आपके, और आपके डिपेन्डेन्ट्स (यदि उचित हो तो) से सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी का संकलन, प्रयोग व प्रकटीकरण करेंगे:

a. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम सही ढंग से आपकी और आपके डिपेन्डेन्ट्स की पहचान करते हैं;

b. ताकि यह जांच की जा सके कि क्या आपमें से प्रत्येक व्यक्ति के लिए My Health Record पहले से ही मौजूद है या नहीं;

c. आपमें से प्रत्येक व्यक्ति के लिए My Health Record का निर्माण करने के लिए;

d. आपके My Health Record को myGov अकाउंट से लिंक करने के लिए; और

e. आपके रिकॉर्ड में Medicare जानकारी शामिल करने के लिए, यदि आप इस जानकारी को अपने रिकॉर्ड में शामिल कराना चाहते/चाहती हैं या आप परीक्षण क्षेत्र में रहते/रहती हैं (वर्तमान समय में Northern Queensland और Nepean/Blue Mountains), और आप हमें ऐसा न करने के लिए नहीं कहते/कहती हैं। जहाँ जानकारी Medicare द्वारा संभाली रखी जाएगी, उसमें Medical Benefits Schedule (MBS) क्लेम्स, Pharmaceutical Benefits Scheme (PBS) क्लेम्स, Australian Organ Donor Register और टीकाकरण सम्बन्धी जानकारी शामिल हो सकती है।

2. हम आपके और आपके डिपेन्डेन्ट्स (यदि उचित हो तो) से सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करेंगे, इसमें नाम, पता, जन्म-तिथि, लिंग, और Medicare नम्बर, Department of Veterans' Affairs (DVA) फाइल नम्बर (यदि उचित हो तो) या, यदि आपको पता हो, तो आपका Individual Healthcare Identifier (IHI) शामिल है।

3. हम यह जानकारी आपसे (जहाँ आप आवेदन प्रपत्र पर इसे प्रदान करते हैं), रजिस्टर करने में आपकी सहायता करने वाले हेल्थकेयर प्रदाता, Medicare, DVA (यदि उचित हो तो), और Healthcare Identifiers Service (Chief Executive Medicare द्वारा संचालित) से एकत्रित करते हैं। इस जानकारी के बिना हम आपके लिए My Health Record का निर्माण नहीं कर पाएँगे।

4. आपके, और आपके डिपेन्डेन्ट (यदि उचित हो तो) के लिए पहचान का प्रमाण करने और My Health Record का निर्माण करने के लिए, हम Medicare, DVA (यदि उचित हो तो), और Healthcare Identifiers Service को व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करते हैं।

5. यदि हेल्थकेयर प्रदाता आपकी संतान को रजिस्टर करने में आपकी सहायता कर रहा है, तो हम आपसे या रजिस्टर करने में आपकी सहायता करने वाले हेल्थकेयर प्रदाता से, आपके Medicare कार्ड पर आपके डिपेन्डेन्ट से सम्बन्धित नम्बर भी लेंगे और Medicare को इस नम्बर का खुलासाकरेंगे ताकि आपके डिपेन्डेन्ट के साथ आपके रिश्ते की पुष्टि हो सके। हम आपके हेल्थकेयर प्रदाता से एक घोषणा-पत्र भी लेंगे जो आपके इस दावे का समर्थन करता हो कि प्रासंगिक संतान की अभिभावकीय जिम्मेदारियाँ आपकी हैं।

6. हम Medicare, या DVA (यदि उचित हो तो) से आपकी क्लेम हिस्ट्री से सम्बन्धित जानकारी भी एकत्रित करते हैं। हम आपकी पहचान प्रमाणित करने के लिए इस जानकारी का प्रयोग आपसे सवाल पूछने के लिए करते हैं। हमारे द्वारा आपकी पहचान प्रमाणित किए जाने के बाद, हम आपके नए My Health Record को myGov अकाउंट के साथ लिंक कर पाने में सक्षम होंगे। आपकी क्लेम जानकारी के बिना, हम आपको myGov अकाउंट से लिंक करने में सक्षम नहीं होंगे और आप अपने नए My Health Record को ऑनलाइन ऐक्सेस करने में सक्षम नहीं होंगे/होंगी। आपकी पहचान को प्रमाणित करने

के लिए हमारे द्वारा एकत्रित की जाने वाली क्लेम जानकारी को हमारे द्वारा आपके My Health Record को myGov अकाउंट से लिंक किए जाने के बाद संभाल कर नहीं रखा जाता है, और हम इस जानकारी का खुलासा किसी को नहीं करते हैं। यदि आप सहमति देते/देती हैं, या आप आपट-आउट ट्राएल क्षेत्र में रहते/रहती हैं और आप हमें ऐसा न करने को नहीं कहते/कहती हैं, तो हम आपके नए My Health Record में पिछले दो साल तक की Medicare जानकारी शामिल करेंगे। जैसे-जैसे आपकी नई Medicare जानकारी Medicare को उपलब्ध होगी वैसे-वैसे हम समय-समय पर इसे आपके My Health Record में भी शामिल करेंगे। यदि आप चाहें, तो ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट करके आप यह नियंत्रण कर सकते/सकती हैं कि इस जानकारी तक किसे पहुँच प्राप्त है। यदि आप ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट नहीं करते/करती हैं तो आपका इलाज करने वाले और My Health Record सिस्टम के साथ रजिस्टर्ड कोई हेल्थकेयर प्रदाता आपकी Medicare जानकारी को देखने में सक्षम होंगे। आप किसी भी समय अपना मन बदल सकते/सकती हैं और अपने My Health Record में Medicare जानकारी के आने-जाने को रोक और शुरू करा सकते/सकती हैं। यदि आपके My Health Record में आपकी Medicare जानकारी शामिल नहीं की जाती है, तो आपका इलाज करने वाले हेल्थकेयर प्रदाताओं को यह सूचना उपलब्ध नहीं होगी। यदि आप My Health Record के लिए अपने डिपेन्डेन्ट(स) को रजिस्टर कर रहे/रही हैं, तो कृपया ध्यान दें कि वर्तमान Chief Executive Medicare नीति के अनुसार, आप 14-17 साल की आयु वाले डिपेन्डेन्ट्स के लिए Medicare प्राथमिकताओं को सेट करने में सक्षम नहीं होंगे।

7. यदि आप जवाब देने का फैसला करते/करती हैं, तो हम यह एकत्रित करेंगे कि क्या आप Aboriginal and/or Torres Strait Islander मूल से सम्बन्धित हैं या नहीं। उचित और बेहतर स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाओं के नियोजन तथा प्रावधान में सहायता देने के लिए इस सूचना का खुलासा गुमनाम रूप से Department of Health (हेल्थ) को किया जाएगा। यदि आप जवाब नहीं देते/देती हैं, तो आपके My Health Record में "बताया नहीं" दर्शाया जाएगा। इस जानकारी के बिना हम नीति का निर्माण करने हेतु सूचना प्रदान करने के लिए हेल्थ को इसका खुलासा करने में सक्षम नहीं होंगे।

8. आपके My Health Record का निर्माण होने के बाद, इलाज करने वाले हेल्थकेयर प्रदाता आपके My Health Record में आपकी स्वास्थ्य जानकारी और सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी अपलोड कर सकते हैं। My Health Record सिस्टम का संचालन करने के भाग के तौर पर हम इस जानकारी का संकलन, प्रयोग और प्रकटीकरण करेंगे। यदि आप चाहते/चाहती हैं कि किसी खास दस्तावेज़ को अपलोड न किया जाए, तो अपने हेल्थकेयर प्रदाता को बतायें – उनके लिए आपकी इच्छाओं का अनुपालन करना आवश्यक है। यदि आप चाहें, तो ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट करके आप अपने My Health Record तक पहुँच को नियंत्रित कर सकते/सकती हैं। यदि आप ऐक्सेस कंट्रोल्स सेट नहीं करते/करती हैं तो आपका इलाज करने वाले और My Health Record सिस्टम के साथ रजिस्टर्ड हेल्थकेयर प्रदाता आपके दूसरे स्वास्थ्यदेखरेख प्रदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ देख पाने में सक्षम होंगे।

9. My Health Record का निर्माण करने के लिए आपके और आपके डिपेन्डेन्ट्स की व्यक्तिगत जानकारी का संकलन, प्रयोग व प्रकटीकरण *My Health Records Act 2012 (माई हेल्थ रिकॉर्ड्स अधिनियम 2012), Healthcare Identifiers Act 2010 (स्वास्थ्य-देखरेख अभिज्ञापक अधिनियम 2010) और Privacy Act 1988 (गुप्तता अधिनियम 1988)* के अधीन प्राधिकृत है।

10. हम आपके या आपके डिपेन्डेन्ट्स से सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा विदेशों में नहीं करेंगे (हालाँकि यदि ज़रूरी हो तो तो आप और आपका हेल्थकेयर प्रदाता, विदेश में अपनी उपस्थिति के दौरान, सुरक्षित रूप से आपके My Health Record तक पहुँच प्राप्त कर सकता है)।

## अधिक जानकारी

11. और अधिक जानकारी या यह पता लगाने के लिए आप व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच कैसे प्राप्त कर सकते/सकती हैं या इसे कैसे ठीक करा सकते/सकती हैं, गुप्तता की उल्लंघना से सम्बन्धित शिकायत करने के लिए या इस बारे में अधिक विवरण के लिए कि हम आपकी स्वास्थ्य एवं अन्य व्यक्तिगत जानकरी का प्रबंध कैसे करते हैं, कृपया हमारा privacy policy (गुप्तता नीति) पेज़ देखें।

12. 1800 723 471 पर फोन करके (विकल्प 1 चुनें), अपने नज़दीकी Medicare सेवा केन्द्र में जाकर या लिखित रूप से [Privacy Officer, My Health Record system, GPO Box 9942 (आपके राजधानी शहर में)] हमसे संपर्क किया जा सकता है।